ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08 , अंक - 349 पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26
भोपाल
16 जून 2025 सोमवार

आज का मौसम
39 अधिकतम
28 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो





# तीन दिन की सख्त क्लास के बाद सरकार के बस्ते से फिर निकलेंगी ढेरों सौगात

## शाम को लाडली बहना की 25वीं किस्त जारी करेंगे मुख्यमंत्री यादव


**भोपाल/ पचमढ़ी दोपहर मेट्रो/एजेंसी**

**मप्र के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में भाजपा की क्लास का आज आखिरी दिन है। आज भाजपा विधायकों और सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह संबोधित कर रहे हैं। इधर ट्रेनिंग सत्र के बाद आज दोपहर में मुख्यमंत्री मोहन यादव फिर मप्र में सौगातें बांटने निकल रहे हैं। वे जबलपुर के करीब बरगी में शाम को लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में 1250 रुपये समेत अन्य योजनाओं की राशि भेजेंगे।**

दरअसल योजना की यह किश्त 13 जून को जारी होना थी लेकिन अहमदाबाद प्लेन क्रेश के बाद सरकार ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए थे। अब सीएम मोहन यादव यह जबलपुर के बरगी में आयोजित होने जा रहे लाडली कार्यक्रम में सिंगल क्लिक कर प्रदेश की 1.27 करोड़ लाडली बहनों के खातों में ट्रांसफर करेंगे। सीएम ने इस बार डबल टाइम पैसा ट्रांसफर करने का ऐलान किया है। इसके तहत सीएम लाडली बहना योजना के साथ ही संबल योजना की राशि भी खातों में भेजेंगे। करीब 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपए भी भेजे जाएंये। महिलाओं को सिलेंडर रीफिलिंग के 39.14 करोड़, संबल योजना के 6,821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि भी इस कार्यक्रम में जारी होगी। इसके अलावा सीएम मोहन यादव यहां विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चाात मुख्यमंत्री यादव रात तक भोपाल लौट आयेंगे।

भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग तीसरा दिन




### पचमढी में क्लास के आखिरी दिन हिदायतें

आज राजनाथ सिंह के संबोधन के साथ सत्र का भाजपा के ट्रेनिंग सत्र का समापन हो जायेगा। होटल ग्लेन व्यू में इस प्रशिक्षण का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। पहले दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सत्रों को संबोधित किया। कल केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े,. मोहन यादव,प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, हितानंद शर्मा सहित तमाम सीनियर नेताओं ने सत्रों को संबोधित है। बताया जाता है कि इस दौरान भाजपा सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को सोच समझकर बोलने की नसीहत दी गई। उन्हें ये भी कहा गया है कि अपने स्टाफ का चयन भी सोच-समझकर करें। अपने ऑफिस में अच्छे लोगों को बैठाए। सीएम डॉ. मोहन यादव और पार्टी संगठन के सीनियर लीडर्स ने सांसद-विधायकों से सामाजिक और भोगौलिक कार्य विस्तार की दृष्टि से एससी-एसटी प्रभाव वाली सीटों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा भाजपा की कार्यपद्धति के बारे में बताया गया। ऑफिस मैनेजमेंट, मोबाइल मैनर और सामाजिक शिष्टाचार की भी सीख दी गई।

### सीएम ने दिया चैलेंज !

बताया जाता है कि आज सुबह पचमढी में प्रशिक्षण स्थल परिसर में योग के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शीर्षासन, मयूरासन सहित कई दुर्लभ आसन किए। इसके बाद उन्होंने चार-पांच विधायकों से कहा, मेरा हाथ झुकाकर दिखाओ। सीएम ने अपनी भुजा फैलाई, लेकिन चार-पांच विधायक भी उनका हाथ नहीं झुका सके। प्रशिक्षण कैंप में लगभग 6 फीट लंबा सांप भी निकल आया। हालांकि वन विभाग की टीम ने सांप को पकड़ लिया और बाद में जंगल में छोड़ दिया गया।







### अहमदाबाद विमान हादसा, जांच टीमें सक्रिय

## रूपाणी का अंतिम संस्कार, अब तक 86 शवों की ही पहचान



**अहमदाबाद, एजेंसी।**

भीषण विमान हादसे को चार दिन बीत चुके हैं और चार दिनों में 250 शवों का डीएनए सैंपल लिया जा सका है इनमें से भी अभी सिर्फ 86 की पहचान की गई है, और 33 शव परिजन को सौंपें गये हैं। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान के बाद आज चार्टर्ड प्लेन से उनका शव राजकोट ले जाया जाया गया। यहां दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार होगा। गृह मंत्री अमित शाह, रूपाणी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार के लिए दयाशंकर प्रगटेश्वर महादेव मंदिर में रखा गया।

### मोदी के चीफ सेक्रेटरी ने दुर्घटना स्थल का किया दौरा

उधर पीएम मोदी के चीफ सेक्रेटरी पीके मिश्रा ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया है और उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की गई। प्लेन क्रैश की साइट पर बोइंग की इन्वेस्टिगेशन टीम पहुंच गई है। दरअसल, 12 जून को एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट ड्रीमलाइनर उड़ान के कुछ देर बाद ही क्रैश हुई थी। विमान बीजे मेडिकल कॉलेज ऐंड सिविल हॉस्पिटल के हॉस्टल की बिल्डिंग से टकरा गया था। इस हादसे में प्लेन में सवार 241 लोग (229 यात्री (एक जीवित) और 10 केबिन क्रू, 2 पायलट), हॉस्टल बिल्डिंग और बाकी 34 लोगों को मिलाकर 275 की मौत हुई है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक, कुल मौत का अंतिम आंकड़ा सभी डीएनए टेस्ट होने के बाद साफ होगा। अब तक 33 शव उनके परिजनों को सौंपे गए हैं।

## सांसद का बेटा लापता, मचा हड़कंप

**पटना।** बिहार में भाजपा सांसद अशोक यादव के बेटे विभूति यादव के लापता होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। विभूति कल सुबह 8 बजे घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं आए। उनके लापता होने की खबर ने कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे दिया है। हालांकि, सांसद यादव ने अपहरण की आशंका को खारिज करते हुए कहा है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। हालांकि बिहार में पहले भी कई सांसद और विधायकों के परिजनों के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में चलते सत्र में श्रम मंत्री संतोष सिंह ने भी अपने बेटे के अपहरण के बारे में जानकारी देते हुए राजद नेता पर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि आरजेडी का एक बड़ा नेता उनसे फिरौती मांगने भी आया था।



### पुलिस की जांच में नया मोड,गोरखपुर जाने की फिराक में थी

## सोनम ने एक नंबर डायल करके मिटाया..

**शिलांग, एजेंसी।**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में अब भी नया खुलासा हुआ है। इसके चलते सनसनीखेज हत्याकांड की जांच में उस मोबाइल नंबर को भी शामिल किया जा सकता है जिसे बस में बैठकर हत्यारोपी सोनम रघुवंशी ने डायल करने की कोशिश की, लेकिन डायल किए बिना ही उस नंबर को मिटा दिया। बस में सोनम के साथ बैठी गाजीपुर की रहने वाली छात्रा उजाला यादव ने यह बातें मीडिया को बताई है। उजाला का दावा है कि उसने हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी के साथ 8 जून की रात वाराणसी से गाजीपुर तक रोडवेज बस में यात्रा की थी लेकिन खुलासा यह है कि सोनम गाजीपुर नहीं बल्कि गोरखपुर जाना चाहती थी। जब ट्रेन नहीं मिली तो रोडवेज बस से जाने का विकल्प चुना। उजाला ने बताया कि वह खुद भी उस रात लखनऊ से ट्रेन पकड़ कर वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंची थीं, जहां उन्होंने पहली बार सोनम रघुवंशी को दो युवकों के साथ देखा था। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खड़ी सोनम से उसकी बातचीत शुरू हुई, जब सोनम ने ट्रेन और बस की जानकारी मांगी। सोनम को ट्रेन का इंतजार करना उचित नहीं लगा और उसने बस से गोरखपुर के लिए जाने का फैसला किया।



## औचक निरीक्षण-मप्र के 565 थानों में एक साथ पहुंचे अफसर

**भोपाल।** प्रदेश में कानून व्यवस्था पर तमाम आरोप-प्रत्यारोपों के बीच गजब की पुलिसिंग देखने को मिली। पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने एक साथ एक ही समय में 565 थानों का औचक निरीक्षण किया। यहां व्यवस्था देखी, फरियादियों से बातचीत की, जवानों से उनके हाल जाने, थाने में तय प्रोटोकॉल का पालन हो रहा है या नहीं, इस बात की तस्दीक अलग पैरामीटर के आधार पर की। यही नहीं, अफसर बंदीगृह तक पहुंचे, देखा कि किसी को बेवजह परेशान करने के लिए बंद करके तो नहीं रखा है। रिकॉर्ड रूम की असलियत देखीं। पुलिस ने यह सबकुछ 14 व 15 जून की दरम्यानी रात 12 बजे से शुरू किया, जो 15 जून की सुबह 5 तक चलता रहा। सीएम डॉ. मोहन यादव की निर्देश पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने यह औचक निरीक्षण कराया, जिसे पूरी तरह गुप्त रखा गया। ताकि वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जा सके।

## मप्र में मानसून की एंट्री 48 घंटे के भीतर होगी

**भोपाल।** अंतत. मध्यप्रदेश में मानसून अगले 24 से 48 घंटे में एंट्री कर सकता है। मानसून के फिर से सक्रिय होने से मौसम विभाग ने यह संकेत दिए हैं। इससे पहले पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। आज नरसिंहपुर और डिंडौरी में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में नरसिंहपुर और डिंडौरी में ढाई से सवा 4 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल-इंदौर के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

### ईरान का दावा-पाकिस्तान परमाणु युध्द में साथ देगा

## इजरायल का एयर कॉरिडोर 2300 किमी दूर से हमला

### : ट्रंप ने कहा-भारत व पाक जैसा सीजफायर कराएंगे

**तेलअवीव, एजेंसी।**

ईरान और इजराइल के बीच बीते 72 घंटे से जारी लड़ाई बहुत खतरनाक दौर में है। ईरान ने कहा कि पाकिस्तान ने उसे गारंटी दी है कि अगर इजराइल ने तेहरान पर न्यूक्लियर हमला किया तो वो इजराइल पर न्यूक्लियर हमला करेगा। इससे पहले इजरायल ने ईरानी विदेश मंत्रालय पर हमला किया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। एक दिन पहले ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 224 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हैं। वहीं, अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। ईरान ने भी इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों में अब तक 19 लोग मारे गए हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने %ट्रुथ सोशल% पर दावा किया कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौता होगा। ट्रम्प ने कहा कि जैसे उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया था वैसे ही इजराइल-ईरान की लड़ाई रोकेंगे।



### ईरान पर सबसे ज्यादा दूरी से हमला

उधर पिछले 72 घंटों में इजरायल ने ईरान के हर मुमकिन इंफ्रास्ट्रक्चर और टारगेट पर हमला किया है। इजरायल ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसने अपने देश से तेहरान के बीच एयर कॉरिडोर बना लिया है। यानी कि इजरायली दावे के मुताबिक अब इजरायल की वायु सेना अपने देश से तेहरान तक बिना बाधा के उड़ान भर सकती है और हमले कर सकती है। दरअसल इजरायल ने ईरान पर सबसे ज्यादा दूरी से हमला किया है। इजरायल की वायु सेना ने पूर्वी ईरान के मशहद हवाई अड्डे पर एक ईरानी ईंधन भरने वाले विमान पर हमला किया, जो इजराइल से लगभग 2,300 किलोमीटर दूर है। हमले के बाद ये विमान आग की लपटों में आ गया और तबाह हो गया। सबसे लंबी दूरी का हमला है।

**मेट्रो एंकर**

### जंग और अन्य कई वजहों से आज से अगले पांच दिन महत्वपूर्ण

## जंग से बाजार में भगदड़, दिग्गज कंपनी कर रहीं संघर्ष

**मुंबई , एजेंसी।**

**जो सप्ताह गुजरा है, वह दुनियाभर के लिए परेशानी और नुकसान का रहा है। कई दुर्घटनाएं और आर्थिक उथलपुथल के चलते किसी को आर्थिक नुकसान हुआ तो किसी को भावनात्मक व पारिवारिक क्षति हुई। इसी कड़ी में भारतीय शेयर बाजार निवेशकों के लिए बेहद खराब साबित हुआ,लिहाजा आज से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह से निवेशकों को उम्मीद है लेकिन इजरायल व ईरान के तेवरों के चलते बाजार में कई उथलपुथल के संकेत भी है।**

पिछले सप्ताह के आखिरी दिनों में इजरायल और ईरान के बीच बढ़े संघर्ष के चलते बाजार में ऐसा भूचाल आया कि महज पांच दिन में निवेशकों की 1.65 लाख करोड़ रुपये की रकम डूब गई। बीएसई का सेंसेक्स 1070.39 अंक या 1.30 फीसदी की गिरावट में रहा और इसकी टॉप-10 वैल्यूएबल कंपनियों में से 8 का मार्केट कैपिटलाइजेशन घट गया। इस बीच सबसे ज्यादा झटका प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी को लगा। शेयर मार्केट गिरावट के चलते रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड इनमें शामिल रहीं। वहीं गिरते बाजार में भी आईटी कंपनियों ने धमाल मचाया और टाटा ग्रुप की टीसीएस के साथ ही इंफोसिस की मार्केट वैल्यू में उछाल आया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछला सप्ताह जिन कंपनियों के निवेशकों के लिए खराब साबित हुआ, उनमें पहले नंबर पर एचडीएफसी बैंक ही रहा। इसमें निवेशकों के 47,075.97 करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की मार्केट वैल्यू में 21,516.63 करोड़ रुपये से घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही।



### टीसीएस व इंफोसिस ने नैया बचाई

एक ओर आठ दिग्गज कंपनियों को घाटा हुआ तो शेयर मार्केट में भगदड़ के बीच भी आईटी कंपनियों ने मामला काफी संभाला। टाटा कंसल्टेंसी का मार्केट कैप 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का एमकैप15,578.3 करोड़ रुपये के इजाफे से 6,65,318.03 करोड़ रुपये हो गया। उधर गिरावट झेलने के बाद भी अंबानी की कंपनी का दबदबा अब भी मार्केट वैल्यू के हिसाब से नंबर-1 की कुर्सी पर कायम रहा।

### बाजार में बढत से बंधी उम्मीद

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी बढ़त से निवेशकों की उम्मीद बंधी है। । सेंसेक्स करीब 150 अंक की तेजी के साथ 81,300 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 50 अंक की तेजी है, ये 24,750 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सप्ताह के पहले दिन शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिल रही है। आज एनर्जी, IT और FMCG शेयर्स में बढत है। वहीं बैंकिंग और ऑटो शेयर्स दबाव में कारोबार कर रहे हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर हादसा टला, 250 यात्री थे सवार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट पर आज बड़ा हादसा टल गया। अरबिया एयरलाइंस की फ्लाइट 250 हज यात्रियों को लेकर लखनऊ पहुंची थी। लैंडिंग के दौरान विमान के पहिए से चिंगारी निकली और धुआं उठा। गनीमत रही कि चिंगारी आग नहीं बनी और समय रहते सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। जानकारी के मुताबिक, पहिए में तकनीकी खामी और चिंगारी निकलने की सूचना सबसे पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। तत्काल एयरपोर्ट की फायर टीम मौके पर पहुंची और हालात को बेकाबू होने से रोका। आग न भड़के, इसके लिए फोम और पानी छिड़काव किया गया।

### द्वितीय परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी, परीक्षा में प्रदेशभर के करीब 3.40 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

# एमपी बोर्ड- रीटोटलिंग के 35 हजार आवेदन, मात्र 390 के बढ़े नंबर, कुछ फेल से पास !

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के परिणाम जारी हो चुके। इसके साथ ही परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होने वाले, कम नंबर आने पर रीटोटलिंग की प्रक्रिया सहित द्वितीय परीक्षा को लेकर भी प्रक्रिया जारी है। इस बार दोनो कक्षाओं के लगभग 35 हजार विद्यार्थियों ने रीटोटलिंग के लिए आवेदन भरे हैं। विद्यार्थियों ने जिस क्रम में आवेदन किए हैं, उसी क्रम में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की गई है।**

रिटोटलिंग के आवेदन के बाद लगभग सभी छात्रों के अंक सामने आ गए है। हालांकि इस बार बारहवीं में सिर्फ 140 व दसवीं में करीब 250 विद्यार्थियों के अंक बढ़े है। इसमें ऐसे छात्र भी शामिल है, जो फेल से पास हो गए है। वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के करीब 3.40 लाख विद्यार्थियों ने द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन किए हैं। यह संख्या अभी और बढ़ने का अनुमान है। यह परीक्षा 17 जून से शुरू होगी। जिन विद्यार्थियों के रिटोटलिंग के दौरान अंक नहीं बढ़े, उनके पास अब द्वितीय परीक्षा में?शामिल होने का अवसर है। इधर 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान कुछ शिक्षक लापरवाही से उत्तरपुस्तिका की जांच करते है, इससे विद्यार्थियों के नंबर कम या ज्यादा हो जाते है। रीटोटलिंग में विद्यार्थियों के नंबर बढ़ते हैं, तो शिक्षकों पर प्रति नंबर बढ़ने पर 100 रुपए का दंड लगाया जाता है।




### 6 मई को घोषित किया गया था परिणाम-

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं का परिणाम 6 मई को घोषित किया गया था। दोनों कक्षाओं में 17 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें करीब पांच लाख विद्यार्थी फेल हुए है। दसवीं-बारहवीं में इस बार विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री के स्थान पर सेकंड एक्जाम का अवसर दिया गया है। माशिमं की पहली परीक्षा में कम अंक मिलने से नाराज विद्यार्थी परिणाम घोषित होने के 10 दिन के अंदर रीटोटलिंग व उत्तरपुस्तिका देखने के लिए आवेदन कर सकते थे। उक्त समय-सीमा के अंदर करीब 35 हजार परीक्षार्थियों ने रीटोटलिंग के लिए आवेदन किए। इसमें दसवीं में सबसे ज्यादा आवेदन किए गए। इनमें से ज्यादातर की शिकायत है कि उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। बावजूद इसके कुछ विषयों में अपेक्षा से कम अंक मिले हैं।

### छतों, पानी की टंकियों, खाली प्लाट्स पर निगाहें

# स्टाफ कम, ड्रोन से लार्वा पर नजर रखेगा विभाग भोपाल के 12 वार्ड जद में



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**मानसून में मच्छरों से होने वाली बीमारियों का खतरा देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हाईटेक प्लान बनाया है। भोपाल के 12 वार्डों में अब ड्रोन से निगरानी होगी। इसके तहत छतों, बंद टंकियों, खाली प्लॉट्स और जलजमाव वाले इलाकों में मच्छरों के लार्वा की पहचान की जाएगी। लार्वा मिलने पर भवन मालिक पर चालान किया जाएगा। वहीं ड्रोन से ही एंटी लर्वा ड्रग का छिड़काव भी किया जाएगा।**

बताया जाता है कि यह योजना इंदौर में सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद लागू की जा रही है। इंदौर में ड्रोन से हाई रिस्क क्षेत्रों की मैपिंग और दवा का छिड़काव किया गया था। वहां डेंगू के मामलों में 60त्न तक की कमी आई। यही मॉडल भोपाल और ग्वालियर में लागू होगा। बताया जाता है कि भोपाल में मलेरिया विभाग में स्टाफ की कमी है। ग्राउंड टीम हर जगह नहीं पहुंच पाती। ऐसे में ड्रोन से दवा का छिड़काव किया जाएगा। छिड़काव के बाद एआई सिस्टम दोबारा मैपिंग करेगा। इससे लार्वा खत्म होने की पुष्टि होगी। अभियान पांच चरणों में चलेगा। पहले जीपीएस से हाई रिस्क क्षेत्रों की पहचान होगी। फिर हाई रिजोल्यूशन तस्वीरों से लार्वा साइट्स की इमेज कैप्चर की जाएगी। इसके बाद डेटा नगर निगम और मलेरिया टीम को भेजा जाएगा। टीम मौके पर जाकर लार्वा खत्म करेगी। जरूरत पड़ने पर ड्रोन से दवा का छिड़काव किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा का कहना है कि इस बार 75 प्रतिशत ऑर्गेनिक और 25 प्रतिशत केमिकल दवाएं इस्तेमाल होंगी। इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ेगा। यह योजना मलेरिया मुक्त मध्यप्रदेश 2030 मिशन के तहत लागू की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि टेक्नोलॉजी से मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर तेजी से काबू पाया जा सकता है।

### एयरपोर्ट के आसपास के 10 किमी इलाके में सख्ती शुरू, मैरिज गार्डन पर नजरें

# लेजर लाइट से विमानों की लैंडिंग टेक ऑफ में पायलट को परेशानी!

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**गुजरात के अहमदाबाद में तीन दिन पहले भीषण विमान हादसे के बाद अब भोपाल में भी विमानों की सुरक्षित लैंडिंग व टेकआफ के प्रति चिंता बढी है। इसके चलते बड़ा एक्शन होता नजर आ रहा है। यहां राजा भोज एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 27 मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस थमा दिये गये हैं। दरअसल मैरिज गार्डन संचालक शादी समारोह में लेजर लाइट का उपयोग कर रहे हैं, इससे पायलटों को विमान के लैंडिंग में परेशानी आ रही थी।**

बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने संचालकों को यह नोटिस जारी किए। इसमें कहा है कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 9 अप्रैल-25 को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत एयरपोर्ट से मुबारकपुर चौराहा एवं संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक के क्षेत्र में लेजर बीम, उच्च तीव्रता वाली रोशनी और स्काई फायर वर्क्स के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया था।बावजूद गार्डन में शादी के प्रोग्राम के दौरान इनका उपयोग हो रहा है।



### लाइट आसमान में करीब 150-200 मीटर तक करती है असर

दरअसल लेजर लाइट आसमान में करीब 150-200 मीटर तक असर करती है। ऐसे में विमान लैंडिंग के दौरान परेशानी होती है। बताते हैं कि एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने भी एयरपोर्ट के आसपास मैरिज गार्डन से लेजर बीम और सारपी लाइट से पायलटों को विमान लैंडिंग में परेशानी होने की बात कही थी। एसडीएम राय ने बताया, उन्होंने शुक्रवार को गार्डन संचालकों से बात भी की। उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है मगर वे नहीं माने तो गार्डन को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। नियमित रूप से टीमें मैदान में उतरकर जांच करेगी।

### अवैध निर्माण की जांच

अहमदाबाद घटना के बाद भोपाल में भी एसडीएम राय, सिटी प्लानर अनूप गोयल समेत कई अधिकारी राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचे थे और निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क किनारे अवैध तरीके से लग रही मीट दुकानों का भी जायजा लिया। इन पर तत्काल एक्शन लेने की बात कही। कलेक्टर ने निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को निर्देश दिए हैं कि टीमें नियमित रूप से दौरा करें। कोई दोषी पाया जाता है तो तुरंत कार्रवाई हो। दूसरी ओर, निगम की बिल्डिंग परमिशन समेत अन्य टीमें भी अवैध निर्माण की जांच करने मैदान में उतरेगी। निगम ने शुक्रवार को एयरपोर्ट के आसपास, सीटीओ, बैरागढ़ आदि क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालक 5 दुकानों को सील कर दिया। निगम कमिश्नर नारायण ने अमले को नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

## एमसीयू शैक्षणिक सत्र- प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन

**भोपाल।** सूचना संगठन, सूचना के व्यवस्थित उपयोग, ज्ञान-संरचना, डिजिटल प्रबंधन, तथा शोध के क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक बी. लिब. एवं स्नातकोत्तर एम.लिब. कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को कुशल शिक्षकों द्वारा पुस्तकालय विज्ञान का अध्ययन, पुस्तकालय विज्ञान के नवीन सॉफटवेयर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ये कार्यक्रम सूचना प्रबंधन, डिजिटल संसाधनों की संरचना, अनुसंधान सहयोग एवं ज्ञान संगठन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दक्षता प्रदान करते हैं। पाठ्यक्रम में ई-लाइब्रेरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल लाइब्रेरी प्रबंधन, सूचना स्रोत एवं सेवाएँ, ज्ञान संगठन, सूचना व्यवहार एवं उपयोगकर्ता अध्ययन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, डेटा संरचना और शोधन, पुस्तकालय स्वचालन सॉफ़्टवेयर, पुस्तकालय सेवाएँ, इनइंफ़ॉर्मेशन सर्विसेस, और ओपन एक्सेस पब्लिशिंग जैसे समसामयिक विषय शामिल किए गए हैं। व्यावहारिक प्रशिक्षण व परियोजना कार्य, ई-पुस्तकालय एवं डेटा प्रबंधन लैब पाठ्यक्रम की विशेषताएँ, शैक्षणिक भ्रमण एवं इंटर्नशिप के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है।

# गुरुकृपा सेवा समिति ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंग आत्माओं की शांति की प्रार्थना की।

समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि यह एक ऐसी घटना है जिसने पूरे देश को स्तब्ध और भयभीत कर दिया है। आज भी वह मंजर जब आंखों के सामने आता है तो मन में एक भयानक डर बैठ जाता है। समिति ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों तथा पूरे देश को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की गई।



इस श्रद्धांजलि सभा में समिति के उपाध्यक्ष भावना उदासी, प्रकाश विधानी, राकेश शेवानी, मुकेश आहूजा, मुकेश उदासी, सुमित पंजवानी, दौलतराम मोहनानी, पायल गुरबानी, चंदुमल गुरबानी और कैलाश मोहनानी सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना उदासी ने किया।



### विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पर जन जागरण रैली

**भोपाल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विगत दिनों ह्यूमन यूनिक मोमेंट डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन एवं आशा स्मिता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक जन जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली महात्मा गाँधी चौराहे से शुरू होकर पिपलानी चौराहे तक निकाली गई, रैली की खास बात यह रही कि इसमें बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा रैली में शामिल बच्चों ने विशेष मेकअप और कॉस्ट्यूम के जरिए तंबाकू से होने वाले नुकसान को रचनात्मक ढंग से दर्शाया। इनमें से कई बच्चों ने फ़तंबाकू दानवफ़ का रूप धारण कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया, रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, जिन पर तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में संदेश लिखे थे, जैसे - फ़तंबाकू एक धीमा जहर है, नशा छोड़ो, जीवन संवारो आदि।




### नौकरी की तलाश के बजाए, प्रतिभा पर काम करें-मनवानी

# मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट ने 235 जरूरतमंद छात्रों को बांटी किताबें

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट ने सिंधी समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों के 235 जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों और कॉपियों का वितरण किया। कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों को यह सहायता ट्रस्ट परिसर में दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत तरीके से हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी ने कहा कि शिक्षा जीवन का एक अभिन्न अंग है जो परिवार, समाज, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकती है। उन्होंने कहा कि छात्र नौकरी की तलाश करने के बजाय अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानें और उन पर काम करें। उन्होंने ट्रस्ट की वेबसाइट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मनोज गोलानी ने कहा कि आज के युग में शिक्षा सर्वोपरि है और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। महासचिव मोहन लालवानी, सह-सचिव हरीश ज्ञानचंदानी ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षों, कानूनी सलाहकारों, विभिन्न पंचायतों के पदाधिकारियों और समाजसेवियों सहित सर्वश्री राजेंद्र मनवानी, मनोज गोलानी, मोहन लालवानी, हरीश ज्ञानचंदानी, श्याम चंदनानी, जितेंद्र जादवानी, तुलसी नेनवानी, डॉ. सी.पी. देवानी, अनिल चूघ, डी.डी. मेघानी, प्रकाश कानूगा और हरीश छाबड़िया मौजूद रहे।

### मेट्रो एंकर

### वीना कला एवं सेवा समिति ने किया था आयोजन

# सिंधी टैलेंट हंट के विजेता पुरस्कृत हुए

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

वीना कला एवं सेवा समिति द्वारा साध्वी द्रोपदी धनवानी की स्मृति में आयोजित संधी टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। समापन मौके पर भजन गीत, सिंधी डांस और सिंधी एक्टिंग में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथि ने पुरस्कृत किया। गायन में भावना ठाकुरानी, प्रथम, भूमिका सबनानी द्वितीय और गोविन्द भगत टेवानी तृतीय पुरस्कार मिला। अभिनय में कृष्ण आसवानी प्रथम, हिमांशी ठाकुरानी, द्वितीय लक्ष्य मूलचंदानी तृतीय पुरस्कार व नृत्य में दिव्यांश इसरानी, प्रथम, मान्य केवलानी




द्वितीय, मिष्ठी खुशलानी तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में नौ विजेताओं को शील्ड और सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल में अशोक बुलानी, दिलीप लालवानी, परसो नाथानी, नरेश गिड़वानी, आर.के. गिड़वानी, महक भरवानी, ज्योति चावला, कल्पना चांदनी, हर्षा मूलचंदनी, सरिता ख्यानी और विजय ज्ञानचांदनी शामिल थे।

**यह शामिल हुए-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस ऑफिसर मनोहर अगनानी व समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी थे। इनके अलावा नरेश ज्ञानचंदानी, सोनी लालवानी, लता गंगवानी, नीलम ज्ञानचंदनी, भाविका सिरवानी, नितिका लालवानी, विष्णु गेहानी, चंद्रप्रकाश इसरानी गुलाब जेठानी, सुरेश वासवानी, रवि नारायण सत्तानी, मनोहर लाल शेवानी, हर्ष हरचंदनी, नरेश गंगवानी, हरीश विधानी और दीपू सतानी जैसे कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मामला मंत्री राकेश शुक्ला के लेटर पैड पर गोयनका के लिए कटनी की खदानों की सिफारिश का

# मंत्री ने पीए को वापस भेजा लेकिन गोयनका वाले पत्र का राज परदे में !

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के स्टाफ से शिवाकांत तिवारी की छुट्टी हो गई है। उन्हें ऊर्जा विकास निगम में भेज दिया है। वह मंत्री के कार्यालय में पीए थे। तिवारी की छुट्टी की वजह सीएम डॉ. मोहन यादव को मंत्री राकेश शुक्ला के लेटर पैड पर लिखा पत्र है, जिसमें खनिज पट्टाधारी आनंद गोयनका की विवादित खनिज खदानों को शुरू किए जाने की सिफारिश थी। हालांकि यह खुलासा नहीं हुआ कि पत्र मंत्री ने लिखा था या फिर मंत्री को धोखे में रखकर तिवारी ने लिखा।**

दरअसल, कटनी में बाक्साइड, लाइम स्टोन व आयरन की खनिज खदानें है जो गोयनका को आवंटित है लेकिन इन पर विवाद है। हाल में मंत्री के लेटर पैड के जरिए सीएम को एक पत्र लिखा गया था। जिसमें उक्त खदानों को शुरू किए जाने की सिफारिशें थी। यह बात किसी को पता नहीं चलती लेकिन पत्र वायरल हो गया था, जिसके बाद राज खुल गया।

### सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामला

बताया जाता है कि मंत्री की सिफारिश वाले वायरल पत्र में कहा गया था कि झिन्ना व हरैया गांव में गोयनका को खनिज पट्टा स्वीकृत हुआ है, जो वैध है लेकिन विभाग अड़ंगे लगा रहा है। ऐसे में मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जाए। पूर्व से यह मामला विवादित रहा है, जो कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस मामले से वन मंत्री रहते नागर सिंह चौहान ने भी दिलचस्पी दिखाई थी।



### यह खदान शुरू कराने के पीछे की साजिश तो नहीं

पीए को मंत्री के स्टाफ से हटाए जाने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि आखिर मंत्री की बगैर सहमति व हस्ताक्षर के कोई भी सीएम को कैसे पत्र लिख सकते हैं। मंत्री कार्यालय से भी उक्त् मामले में कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं हुआ। जानकारों का कहना है कि यदि पीए ने बदमाशों की है तो यह मंत्री की ओर से एफआईआर दर्ज कराए जाने का मामला बनता है,। माना जा रहा है कि मामले में कई पेंच है।

### वित्त विभाग का हाथ बंटाने कंसल्टेंसी तय

# लोन मैनेजमेंट से लेकर बजट तक राय लेगी मप्र सरकार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

कई महीनों के ऊहापोह के बाद आखिरकार वित्त विभाग ने फाइनेंशियल एक्सपट्र्स की कंसल्टेंसी फर्म फाइनल कर दी है। इनके साथ अनुबंध कर किया जाएगा। बड़ी कंसल्टेंसी फर्म केपीएमजी का टेंडर के माध्यम से चयन हुआ है। इसके विशेषज्ञ सालाना बजट से जुड़ी रिसर्च और एनालिसिस करेंगे। वे बजट बनाने के लिये सभी जरूरी जानकारी जुटाएंगे,वे अन्य राज्यों का अध्ययन भी करेंगे। वे मप्र पर लगातार बढ़ते कर्ज के बीच, लोन मैनेजमेंट में सहायता भी करेंगे। इसमें प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप और पब्लिक फाइनेंस जैसे मुद्दों पर एक्सपट्र्स की मदद मिलेगी। बताया जाता है कि गत वर्ष कैबिनेट बैठक में वित्त विभाग में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) की स्थापना को मंजूरी दी गई थी। इसमें एडवाइजर, रिसर्च एनालिस्ट और डाटा एनालिस्ट जैसे पदों का प्रावधान था। इसके बाद लगातार बड़े एक्सपट्र्स को विभाग से जोड़ने की कवायद चली। हाल ही में केपीएमजी का चयन कर लिया गया है।

इसके 7 एक्सपर्ट विभाग के साथ जुड़ेंगे। फाइनेंशियल मार्केट के बदलते ट्रेंड के साथ, विभाग अब ऋण प्रबंधन, वित्तीय रणनीति, मार्केट रिसर्च और पीपीपी मोड-म्युनिसिपल बांड्स जैसे नए क्षेत्रों में इन एक्सपट्र्स से मदद लेगा।



### बजट बनाने में मदद

जानकारी के मुताबिक जब अगला बजट बनेगा, तो यह एक्सपट्र्स विभाग के साथ समन्वय करेंगे। केंद्र-राज्य की योजनाओं की रिसर्च और एनालिसिस करेंगे। बड़े राज्यों के बजट का अध्ययन करके उनके नवाचारों के बारे में इनपुट देंगे। बढ़ते घाटे और कर्जों के प्रबंधन और आंकलन के बीच, एक्सपट्र्स राजकोषीय प्रबंधन में मदद देंगे। एफआरबीएम नियमों का पालन, राजकोषीय नीति बनाना, राजस्व और खर्च का आंकलन, वित्तीय ट्रेंड का आंकलन, आरबीआई के नियमों का पालन जैसे प्रावधान शामिल हैं। ये एक्सपर्ट नई योजनाओं में वित्तीय जोखिम का अध्ययन भी करेंगे।

# एनआईटीटीटीआर के प्रो. पुरोहित को राजभाषा विज्ञान रत्न पुरस्कार

**भोपाल।** केरल में आयोजित 44वे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में एनआईटीटीटीआर भोपाल के डीन प्रो. पी के पुरोहित को राजभाषा विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रो. पुरोहित को हिंदी भाषा के प्रति समर्पण, हिंदी में विज्ञान के लोकव्यापीकरण, राजभाषा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से और भी प्रभावी बनाने, हिंदी में कई पुस्तक लेखन हेतु यह राजभाषा पुरस्कार केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर द्वारा प्राप्त हुआ। संस्थान को दो अन्य राजभाषा पुरस्कार में निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष का दायित्व निभाते हुए राजभाषा के प्रति विभिन्न कार्यालयों को प्रेरित करने एवं हिन्दी के प्रचार प्रसार में महती भूमिका निभाने के लिए राजभाषा मनीषी सम्मान, संस्थान को राजभाषा हिंदी में पत्रिका संपर्क सरिता के लगातार 25 वर्षों तक प्रकाशन पर राजभाषा दिगंत सम्मान से सम्मानित किया है। डॉ. पुरोहित ने संस्थान प्रतिनिधि के रूप में सभी पुरस्कार केरल में प्राप्त किए। उक्त पुरस्कार भारतीय भाषा एवं संस्कृति केंद्र नई दिल्ली द्वारा प्रदान किए गए।

### कांग्रेस भी शिविर लगाने की तैयारी में

# संगठन सृजन का जायजा लेंगे चौधरी, कांग्रेस के मैदानी नेताओं से मिलेंगे

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

भाजपा का पचमढी में जारी प्रशिक्षण शिविर पूरा होने के बाद अब कांग्रेस के ऐसे शिविर भी लगाने की तैयारी है। यह संगठन सृजन का हिस्सा होंगे। लेकिन भाजपा विधायकों और सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग की चर्चा के दौर में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी कल से मप्र के दौरे शुरू कर रहे हैं। वे पार्टी के संगठन सृजन अभियान को लेकर ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित बैठकों में शामिल होंगे। चौधरी 19 जून तक मध्यप्रदेश में रहेंगे तथा कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत चौधरी अगले पांच दिन तक प्रदेश के अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान जिलों में पार्टी द्वारा नियुक्त जिला संगठन सृजन प्रभारियों के दौरे भी शुरू हो चुके हैं। ये प्रभारी जिलों में जाकर मंडलम, सेक्टर और ब्लॉक इकाइयों की बैठकें ले रहे हैं।



बताया जाता है कि हरीश चौधरी कल 16 जून को सुबह रायसेन जिले के सिलवानी जाएंगे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिलवानी की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद भोपाल लौटकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विदिशा पायलट प्रोजेक्ट पर संगठनात्मक बैठक लेंगे।

अगले दिन 17 जून को बैतूल जिले के मुलताई विधानसभा के प्रभातपट्टन में संगठन सृजन अभियान की बैठक में भाग लेंगे। फिर आठनेर ब्लॉक के माडवी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इसी दिन हरदा जिले के करताना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक भी लेंगे। वे 18 को गंजबासौदा में जिला कांग्रेस बैठक में शामिल होकर भोपाल में संगठनात्मक बैठक लेंगे,18 को उनका नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में दौरा बैठक है।



# कामतानाथ की गोद में विराजे द्वारिकेशलाल प्रभु, फूल बंगले में दिए दर्शन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

भागवत चिंतन सेवा समिति द्वारा चित्रकूटधाम में प्रभु द्वारिकेशलाल जी का पांच दिवसीय प्रकटोत्सव सोमवार को भरत चरित्र के साथ खसखाने मनोरथ से प्रारंभ हुआ जहां प्रभु ने दिव्य सुगंधित फूल बंगले में दर्शन दिए। इस आयोजन में सेवा समिति से जुड़े हुए नगर सहित देश भर के विभिन्न प्रांतों आए हुए परिकर शामिल हुए। मनोरथ के यजमान मुंबई से आए हीरा व्यापारी कुंदन कुमठ ने व्यास पूजन संपन्न कराया। वृंदावन से आई

**भरत चरित्र के साथ पांच दिवसीय प्रकटोत्सव प्रारंभ**

रास मंडली द्वारा ठाकुरजी के विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। उत्सव के प्रारंभ में चित्रकूट कामदगिरि कामतानाथ प्रमुखद्वार के पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानंदाचार्य रामस्वरूपाचार्य जी महाराज, अयोध्या से पधारे मानस रत्न संत अशोकदास जी महाराज, संत राजीव लोचनदास जी चित्रकूट एवं वृंदावन से



पधारे नरोत्तम जी शास्त्री ने द्वारिकेशलाल प्रभु की मंगल आरती उतारी। अपने उद्बोधन में संतों ने चित्रकूट की महिमा बताते हुए भरत चरित्र पर विचार रखें। जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने कहा कि भागवत चिंतन मिशन सेवा समिति के संस्थापक पं डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री गृहस्थ व्यवस्था में रहते हुए भी संतों की भांति सनातन धर्म की ध्वजा पताका भारत के साथ-साथ विदेशों में भी पूरी जिम्मेदारी से फहरा रहे हैं। डॉ शास्त्री जी के नितसेव्य प्रभु द्वारिकेशलाल जी का यह प्रकटोत्सव चित्रकूट की धरती पर निश्चित ही दिव्यता और भव्यता से भरा हुआ है। भरत चरित्र के मुख्य वक्ता डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो जीवन में त्याग करता है वह भरत के समान है। भरत जी का जीवन आदर्शमय है, प्रेरणादायक है। चित्रकूट की यह धरती एक भाई के त्याग की गवाह बनी है। हमें भरत जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चहिए और उनके आदर्शों को जीवन में उतरना चाहिए। कथा मंच का संचालन गगन दुबे ने किया।

## धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

# 30 तक किया जाएगा जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन : मीना

**अभियान के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों के दायित्व करे निर्धारित**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण सशक्तिकरण हेतु 'प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान' एवं 'धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' (DAJGUA) प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत आज16 जून से आरंभ होकर 30 जून 2025 तक "Awareness and Benefit Saturation Camps" अर्थात जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय हितग्राहियों तक व्यक्तिगत लाभकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में जिला स्तरीय एवं ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### लाभार्थी निम्न योजनाओं का लाभ इन शिविरों के माध्यम से उठा सकेंगे

आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, हितग्राही प्रोफाइल पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम,किसान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग), मातृत्व एवं पोषण योजना (एमपीएसवाई/आईएसएसवाई), महिला सशक्तिकरण मुद्रा योजना, महिला एवं बाल कल्याण योजनाएं



(आईसीडीएस, एमबीवीवाई, टीकाकरण) योजनाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

शिविरों का संचालन स्थानीय प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से किया जाएगा, ताकि लाभार्थियों को त्वरित और समुचित लाभ प्राप्त हो सके। शिविरों की समुचित योजना व क्षेत्र में व्यापक संपर्क सुनिश्चित करने के लिए समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को दायित्व सौंपे गए हैं। इसी प्रकार सभी जिला विभाग प्रमुख एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपरोक्त सभी योजनाओं से संबंधित लाभों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदाई होंगे।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सर्व संबंधित विभागों को अभियान अंतर्गत विभिन्न निर्देश दिए है। जारी निर्देशानुसार अभियान अवधि के दौरान विभागों द्वारा जनजातीय बाहुल्य गांवों में निवासरत वंचित जनजातीय हितग्रहियों की पहचान कर उन्हें चिन्हान्कित कर लाभ दिलाये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार 15 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम स्तर पर जनजातीय परिवारों को लाभ प्राप्त हो इस हेतु शिविर आयोजित किए जाने,स्वास्थ्य, खाद्य, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, कृषि, राजस्व, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के साथ तालमेल सुनिश्चित करना, परम्परागत विधियों द्वारा जनजातीय समुदायों में प्रशासन की पहुंच स्थापित करने हेतु सार्वजनिक स्थलों पर दीवारों पर पेंटिंग के द्वारा अभियान के बारे में जन जाग्रति एवं लोक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गांव में जागरूक किए जाने जैसी गतिविधियां की जाना सुनिश्चित करेंगे। आधार, ई-केवायसी और दस्तावेजीकरण संबंधी सेवाओं के लिये जन सुविधा केन्द्रों के कर्मचारियों को सम्मिलित किए जाने के निर्देश भी कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा दिए गए हैं।

**मुख्य विशेषताएँ**

- शिविरों का आयोजन ग्राम स्तर/ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा जिससे अधिकारी सीधे जमीन स्तर पर पहुंच कर लाभ दिला सकें।
- लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार विकासखंड बनखेड़ी अंतर्गत 16 जून को ग्राम कुडारी ग्राम पंचायत चांदोन में, 17 जून को ग्राम बेरखेडी ग्रा.पं. पांजरा में, 18 जून को ग्राम बिजनहाई ग्रा.पं. डंगरहाई में , 19 जून को ग्राम धडावपडाव मे, 23 जून को ग्राम पडरईठाकुर ग्रा.पं. पडरईठाकुर में, 24 जून को ग्राम मैदाखेडा मे, 25 जून को ग्राम जूनावानी ग्रा.पं. तिंसरी में एवं 26 जून को ग्राम महुआखेडा ग्रा.पं. जमुनियारंधीर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह विकासखण्डं माखननगर अंतर्गत 17 जून को ग्राम जावली ग्रा.पं. जावली में, 19 जून को ग्राम मानागांव ग्रा.पं. सिंहपुर में, 20 जून को ग्राम खारदा में, 24 जून को ग्राम खारदा ग्रा.पं. डोलरियाखुर्द में, 25 जून को ग्राम नया चूरना ग्रा.पं. नया मालनी में, 27 जून को ग्राम नया माना में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड पिपरिया अंतर्गत 16 जून को ग्राम सोनपुर ग्रा.पं. मुहारीकलां में, 17 जून को ग्राम डापका में, 18 जून को ग्राम बोरी ग्रा.पं. रिछेडा में, 19 जून को ग्राम टेकापार में, 20 जून को ग्राम पिसुआ में, 23 जून को ग्राम सूपडोगरा ग्रा.पं. नांदिया में, 24 जून को ग्राम सिंगानामा में, 25 जून को ग्राम घाना ग्रा.पं. सिंगानामा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विकासखण्ड सोहागपुर अंतर्गत 18 जून को ग्राम डूडादेह ग्रा.पं. नयागांव में, 19 जून को ग्राम कामतीरंगपुर में, 20 जून को ग्राम टेकापार ग्रा.पं. टेकापार में, 23 जून को ग्राम सारंगपुर ग्रा.पं. टेकापार में, 25 जून को ग्राम सियारखेडा ग्रा.पं. बिछुआ में, 26 जून को ग्राम भजियाढाना ग्रा.पं. चारगाँव में, 27 जून को ग्राम खापा ग्रा.पं. मगरिया मे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विकासखण्ड सिवनीमालवा अंतर्गत 16 जून को ग्राम परसवाडा, गगिया एवं पिपलियाकला में, 17 जून को ग्राम लिलाडिया, साटई, महुआढाना में, 18 जून को ग्राम बारदेखी, लही, केवलाझिर में, 19 जून को ग्राम कामठा में, 20 जून को ग्राम सामरधा, बारासेल में, 23 जून को ग्राम ढेकना एवं सोताचिकली में, 24 जून को ग्राम सोमलवाड़ा एवं चबौरा में, 25 जून को ग्राम दतवासा एवं भडंगचिकली में, 26 जून को ग्राम बोरकुँड में, 27 जून को ग्राम झाडबीडा में, 30 जून को ग्राम नाहरकोला में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विकासखण्ड् केसला अंतर्गत 16 जून को ग्राम डाडीवाडा, नयापोढार, एवं कालाआखर में, 17 जून को ग्राम घौघरारैयत, कास्दाखुर्द एवं पांडरी में, 18 जून को ग्राम सिलवानी, झुनकर एवं छीतापुरा में, 19 जून को ग्राम भौवदारैयत, बाबईखुर्द में, 20 जून को ग्राम ताकू, चाँदकिया एवं कॉदईकंला में, 23 जून को ग्राम बारधारैयत, मोरपानी एवं खोरहा में, 24 जून को ग्राम दौडी, पिपरियाखुर्द एवं बेलावाडा में, 25 जून को ग्राम नायाचीचा, बोरखेडा एवं धॉईखुर्द में, 26 जून को ग्राम अमझिरा, सारादेह एवं ग्वाडीकलां में, 27 जून को ग्राम पांडूखेडी, कोहदा एवं झिरमउ में, 30 जून को ग्राम कौटमीरैयत, मॉदीखेह एवं टांगना में शिविर आयोजित किए जाएंगे.

# दो बाईक सवारों की आमने सामने हुई भिडत, दोनों चालक गंभीर घायल जबलपुर रिफर



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर से लगभग 7 किलोमीटर दूर जबलपुर मार्ग पर शाम 7 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़त हो गई जिसमें नगर के पुलिस थाना में पदस्थ आरक्षक भूपेंद्र पिता मुकुंद सिंह लोधी 38 गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा दूसरी मोटरसाइकिल का चालक जिसका नाम पता नहीं चला हैं वह भी घायल हो गया।

घटना के दौरान मौजूद अरंहत सिंघई ने बताया कि हम लोग माता जी का विहार कराने जा रहे थे उसी समय सामने घटना हुई। तुरंत ही सडक मार्ग से निकल रहे बाइक सवार एवं कार सवार को रोककर तुरंत ही नगर के स्वास्थ्य केंद्र घायलों को लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भूपेंद्र एवं अज्ञात व्यक्ति को जबलपुर मेडीकल कांलेज रिफर किया गया। घटना की जानकारी लगते ही एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, नगर निरीक्षक नीतेश जैन एवं पुलिस विभाग का महकमा अस्पताल पहुंच गया।

# वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार विश्व वरिष्ठजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 22 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाएं प्रदान की गई। इस दौरान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह ने वृद्धजनों से चर्चा की और अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने वृद्धजनों को विधिक सहायता योजनाओं सहित कानून के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

## सप्तक मित्र समूह के संयोजन में हुआ यादगार कार्यक्रम

# साहित्यकार -नागरिकों की मौजूदगी में निगम का द्वितीय पुण्य स्मरण समारोह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदांचल के प्रसिद्ध नवगीतकार स्व. डॉ विनोद निगम की द्वितीय पुण्यतिथि पर 'गीतों के गांव चले आए' कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीतकार डॉ सुरेश लखनऊ, के मुख्यातिथ्य पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा की अध्यक्षता एवं देश के वरिष्ठ साहित्यकार मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में एनईएस कालेज के सभागार में समारोह आयोजित हुआ।

डॉ विनोद निगम के गीत का संगीतमय गायन डॉ नमन तिवारी ने किया। साहित्यकार डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र ने डा विनोद निगम की कविताओ की समीक्षाओं के साथ काव्य पाठ ,गीत यात्रा में निरंतर डॉ विनोद निगम पर अपने विचार व्यक्त किए, साहित्यकार डॉ सुरेश व अशोक जमनानी ने डॉ निगम की कविता पर अपने विचार व्यक्त किए। गत वर्ष की भांति मुख्य अतिथि द्वारा एम हिन्दी गृह विज्ञान महाविद्यालय में सर्वोच्च् अंक प्राप्त करने वाली छात्रा वर्षा पुरोहित का गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र से



सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ सुरेश ने कहा कि डॉ विनोद निगम का व्यक्तित्व विराट था। उनसे कई तरह की सीख मिलती थी। शहरों में रहते हुए गांवों की यात्रा से उनका विशेष लगाव था। उन्होंने नवगीतों के माध्यम से गांवों की सुंगध बिखेरी है। सीधे सरल शब्दों में गहरी बात कहते थे। अशोक जमनानी ने कहा कि उनके गीत के बोल अच्छा लगता है वास्तव उनकी स्मृति में ऐसे आयोजन होना अच्छा लगता है। डॉ निगम ने गीतों में शब्दों के जो प्रयोग किए हैं उनके गहरे अर्थ हैं। पं भवानी शंकर शर्मा एवं पं गिरजा शंकर शर्मा ने डॉ निगम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके गीतों में विशेष संदेश है। कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश उपाध्याय ने डॉ निगम के गीतों और उनके व्यवहार के संबंध में अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम की सूत्रधार डॉ हंसा व्यास के संचालन के साथ ही सहभागी सप्तक मित्र समूह के रमेश गर्गव, गोपीकांत घोष, राजकिशोर दीक्षित, खेमचंद्र यादवेश व कमलेश सक्सेना, अरूण शर्मा का विशेष सहयोग रहा। डॉ निगम के अनेक मित्रगण बीमारी हालत के बावजूद कार्यक्रम में शामिल हुए।

## युवा सृष्टि-भारतीय दृष्टि सूत्र वाक्य के साथ हुआ युवा साहित्यकार सम्मेलन

# साहित्यकार को नकारात्मकता से दूर ही रहना चाहिए: विजय तिवारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रविवार को नगर के एक निजी रिजॉर्ट में 'युवा सृष्टि-भारतीय दृष्टि' सूत्र आधारित युवा साहित्यकार सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें युवा साहित्यकारों को वक्ताओं ने राष्ट्र व स्वबोध की सीख दी। आयोजन अर्चना प्रकाशन भोपाल ने किया। आयोजक प्रभारी प्रांशु राणे ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र में हिंदी फिल्म 12 व्हद्ध फेल के उपन्यासकार अनुराग पाठक मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाशचंद थे। अध्यक्षता अर्चना प्रकाशन अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने की। प्रांशु राणे द्वारा स्वागत उद्बोधन उपरांत कैलाशचंद ने कहा कि अनंत पहुंच के क्षमताधारी भारतीय युवा को देश में एक समय गलत फ्रेम में बांधा गया। उन्होंने श्रद्धा के चरम को समझाने के लिए स्वामी विवेकानंद व गुरू स्वामी परमहंस का प्रसंग सुनाया। अनुराग पाठक ने कहा कि यह सम्मेलन वरिष्ठ से कनिष्ठ पीढ़ी में भारतीय मूल्य हस्तांतरण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बाबा तुलसीदास में भारतीय दर्शन के स्व-भाव ने रामचरितमानस को भारतीय संस्कृति का सिद्ध दस्तावेज बनाया। साहित्यकारों की पुस्तकों के विमोचन



उपरांत अर्चना प्रकाशन अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने कहा कि भारतीय दृष्टि असहमति को भी स्थान देती है। उन्होंने कहा कि अच्छा पाठक ही अच्छा लेखक हो सकता है।

द्वितीय सत्र में रश्मि सावंत मुख्य अतिथि, रक्षा दुबे विशिष्ट अतिथि तथा मनोज जोशी अध्यक्ष रहे। रश्मि सावंत ने कहा कि युवाजन भारतीय संस्कृति की परिपक्वता को नए शब्दों में परिभाषित करने के लिए लिखें। रक्षा दुबे ने कहा कि किसी दूसरे धर्म में सुविधाओं के साथ जीने की अपेक्षा हमारा अपने धर्म में मरना श्रेयस्कर है, क्योंकि पहचान बनाए रखने के लिए डटे रहना स्व बोध है। मनोज जोशी ने कहा कि 15 जून 1947 को भारत के विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार किया गया था। वह दिन हमारे स्व की शून्यता का था। लेकिन 15 जून को हम स्व प्रबल होते हुए इस पर चर्चा कर रहे हैं।

सत्र के विषय लेखन में स्थानीयता पर मुख्य अतिथि अशोक जमनाजी ने कहा कि कई बार शास्त्र भी वह नहीं लिख पाए, जो देशज शब्दों ने व्यक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में आधुनिकता के प्रवेश ने हमें लोक संस्कृति से दूर कर दिया है। विशिष्ट अतिथि प्रो. मनीषा वाजपेई ने कहा कि हम जिस भाषा में सपने देखते हैं उसी भाषा में लिखा गया। साहित्य हमारे मन को व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय शब्दावली साहित्य की आत्मा होती है। सत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कौरव ने कहा कि युवा साहित्यकार सम्मेलन मन मंथन का केंद्र बन गया है। जिसमें साहित्यकारों को अमृत कलश मिलना तय है।

तृतीय सत्र में युवा लेखक की चिंता एवं संभावना विषय पर मुख्य अतिथि गिरीश उपाध्याय ने कहा कि मौलिकता एवं सृजनात्मक को पहचानना चाहिए। तकनीक संवेदनाओं को खत्म कर रही है। सत्य कीर्ति राणे ने कहा कि डिजिटल मीडिया समाज में देखने योग्य सामग्री नहीं परोस जा रही है। पुरु शर्मा ने कहा कि साहित्य को समृद्ध बनाने के लिए कर्मशील रहना होगा। सुदर्शन व्यास ने कहा साहित्य समय के अनुरूप होता है। वहीं सत्र अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि अच्छे विचारों को लोग स्वीकार करते हैं। अच्छे विचार व अच्छी भाषा साहित्य में उच्च स्थान पर रहते हैं।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि दुर्गेश सिंह थे, जिन्होंने धारावाहिक गुल्लक लिखा है। विशिष्ट तिथि डॉ. प्रवीण दाताराम गुननानी थे तथा अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी विवि के कुलगुरु प्रो. विजय मनोहर तिवारी ने की। प्रवीण गुगनानी ने कहा कि युवाओं को गद्य लेखन की ओर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहित्य में राष्ट्रीयता व राष्ट्रधर्म अनिवार्य अंग होना चाहिए। दुर्गेश सिंह ने कहा कि लेखन में स्थानीयता अनिवार्य अंग के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए। विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि स्वतंत्र चेतना से सृजन करना चाहिए एवं साहित्यकार को नकारात्मकता से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर लेखक अप्रतिम 'प्रांशु' राणे की पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

# बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के त्रिशूल दीक्षा समारोह का आयोजन , 1100 ने ली त्रिशूल दीक्षा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई का के तत्वाधान में निजी गार्डन में त्रिशूल दीक्षा समारोह का संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान 1100 ने त्रिशूल दीक्षा ग्रहण की। वहीं दो पहिया वाहन रैली भी निकल गई यह कार्यक्रम स्थल से होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से वापस आयोजन स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई। वाहन त्रिशूल यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज में समाजसेवी संगठनों ने फूलों डालकर स्वागत किया। इससे

### निकली वाहन रैली जगह-जगह हुआ स्वागत




पहले दीक्षा समारोह सभा को संबोधित करते हुए बजरंग दल के प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि हमारा इतिहास शौर्य का इतिहास रहा है हमारे पूर्वजों ने अपने बाहुबल से विश्व विजेता सिकंदर को भी परास्त किया है। हमारी वीरता और शौर्य के इतिहास को हमें पढ़ाया नहीं गया है। शौर्य के भाव का जागरण को हमें हमारे पूर्वजों के द्वारा किए गए शौर्य के इतिहास को पढ़ना चाहिए विस्तार इन्होंने अपनी बात की।

प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कहा कि बजरंग दल का गठन ही चुनौतियों में हुआ था और बजरंग दल आज भी हर चुनौती का प्रतिकार कर रहा है। हर परिस्थिति में हमारा कार्यकर्ता डटकर अपना काम करता है हिंदू रक्षा का मूल मंत्र लेकर हम सभी को मिलकर काम कर रहे हैं। कार्यक्रम

का शुभारंभ भगवान राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सभा के उपरांत भव्य वाहन रैली निकाली गई जो कुरवाई रोड निजी गार्डन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः गार्डन पर पहुंचकर संपन्न हुई जहां सहभोज का आयोजन हुआ।

इस दौरान प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव, विभाग समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष दीप नेमा कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने त्रिशूल दीक्षा की शपथ जिला संयोजक जगदीश शाक्य ने दिलाई एवं आभार प्रखंड संयोजक रोहित यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान सुरेन्द्र राजपूत, मुकेश सेन, हरिशंकर झा, अर्जुन शाक्य प्रदीप राठौर , अनु यादव, विनोद शर्मा बसंती लाल कुशवाहा प्रखंड अध्यक्ष अनिल राठौड़ , तुलसी नारायण शाक्य, अशोक साहू, गुलाब सिंह कुशवाहा ,आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को लेकर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के द्वारा कई दिनों से तैयारी की जा रही थी दूसरी ओर पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा बिशेष इंतज़ाम किए गए थे। शहर में में जगह, जगह पुलिस बल तैनात था।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# यातायात व्यवस्था सुगम बनाने, दुर्घटनाएं रोकने जैसे बिंदुओं पर कमेटी ने लिए निर्णय

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया समेत समिति के सदस्यगणों के अलावा विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें। कलेक्टर श्री गुप्ता के समक्ष समिति के सदस्य, सचिव श्री बुन्देल सिंह ठाकुर के द्वारा पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के परिपालन में संबंधित विभागो के द्वारा की गई कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन बिन्दुवार प्रस्तुत किया।

कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनजागरूकता पर बल दिया और इस अभियान में सभी का सहयोग प्राप्त करने के सुझाव पर अमल करने साथ ही सड़के चैराहा व अन्य किनारे रेडियम लगाए जाने का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराए जाने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार समस्त निर्माण ऐजेन्सियों को अपने अपने कार्य क्षेत्रों में चैराहो , मोड़ो पर साईनबोर्ड, काशन बोर्ड, रम्बल स्ट्रिप लगाकर संभावित दुर्घटनाओं से सचेत हो सकें कि कार्यवाही क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर दुर्घटनाएं कम से कम हो इसके लिए सांकेतिक चिन्हों के साथ-साथ जनजागरूकता के कार्य अधिक से अधिक संपादित किए जाए। उन्होंने नेशनल हाईवे, एमपीआरडीसी एनएचआई के चिन्हित स्थलों पर रहने वाली एम्बुलेंस की सुविधाएं दुर्घटना के दौरान अविलम्ब प्राप्त हो ऐसी सहज सरल कार्यप्रणाली क्रियान्वित की जाए।



### सहायता नम्बरों का प्रचार

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि टोल फ्री नम्बरों का प्रचार प्रसार अधिकारी से अधिक किया ताकि आवश्यकता पड़ने पर संपर्क हेतु भटकाव से बच सके और समय पर एंबुलेंस की प्राप्ति हो सके इस दौरान बतलाया गया कि एन एच आई का 1033 तथा एन एच का 1066 तथा 108 नम्बरों के माध्यम से टोल के समीप खड़े एंबुलेंस और क्रेन की सुविधा अविलंब प्रदाय की जा रही है।

### व्हाइट लाइन

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि सड़कों के किनारे जो व्हाइट लाइन है उसे पीछे ही वाहन खड़े हो इसके लिए नगरपालिका और यातायात प्रभारी संयुक्त रूप से कार्यवाही करे। उन्होंने नीमताल से लेकर कलेक्ट्रेट तक विवेकानंद चैराहे के मार्ग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

### कबाड़ वाहनों पर

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर जो कबाड़ वाहन खड़े है उन सब को हटाने की कार्यवाही करें और संबंधित वाहन मालिक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विदिशा शहर में वन वे और पार्किंग के लिए किए जा रहे प्रबंधो पर शीघ्रतिशीघ्र कार्यो को अंजाम देकर पार्किंग सुविधाओ की पूर्ति पर बल दिया है। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग करें इसके लिए स्कूलो के माध्यम से जनजागरूकता संबंधी कार्य अधिक से अधिक किए जाएं ताकि युवाजन सुरक्षित रूप से वाहन चलाएं इत्यादि की सीख देने के लिए हर स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने पर बल दिया गया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विदिशा जिला मुख्यालय पर ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने के स्थल चिन्हांकन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ततसंबंध में उन्होंने आधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने के लिए निर्धारित मापदण्डो के अनुसार शहर के समीप भूमि का चिन्हांकन कर ट्रांसपोर्ट पदाधिकारियों से संवाद कर आपसी सुलह से समाधान कर निर्माण कार्य कराए जाने पर बल दिया है।

बैठक में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में रंबल स्ट्रीप लगाने पर चर्चा की गई है। वहीं विदिशा शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने पर भी विचार विमर्श किया गया है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण ऐजेन्सियों द्वारा प्रमुख जंक्शनो एवं अंधे मोडो पर साइन बोर्ड एवं कासन बोर्ड लगाए जाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष पहल कर कार्यो का संपादन करने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए है।

### स्कूलीय वाहनों की जांच

कलेक्टर व एसपी ने संयुक्त रूप से निर्देश दिए हैं कि स्कूल खुलने से पहले बच्चों को लाने ले जाने का कार्य करने वाले वाहनों की फिटनेस की जांच की जाए।

क्षमता से अधिक बच्चों को स्कूल वाहनों में ना बैठाया जाए बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि जांच पड़ताल कार्यो के पहले व्यापक प्रसार प्रचार कराया जाना सुनिश्चित किया जाए

### तुलनात्मक

पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने पिछले वर्षो की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए गए प्रबंधों और आंकड़ों की जानकारी ग्राफिक डिजाइनर के माध्यम से बनवाई गई है जिसे पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से यातायात प्रभारी ने प्रस्तुत की गई।

यातायात प्रभारी ने ब्लैक स्पाट सहित अन्य स्थलों पर दुघर्टनाओं के कारण को रेखांकित किया उन्होंने बताया कि जिले में कुल 21 पांइट चिंहित किए गए हैं। इन स्थानों की पृथक पृथक जानकारी सांझा की गई है।

## कोचिंग क्लास संचालन केआवेदन 20 तक

**राजगढ़।** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग श्रीमती निशा जैन द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिये संचालित बालक/कन्या उत्कृष्ट छात्रावास राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुरएवं जीरापुर में विषयवार कोचिंग क्लास के संचालन हेतु शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में भौतिक शास्त्र , रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, गणित, अग्रेजी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं से आवेदन 20 जून, 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। कक्षा 9वी एवं कक्षा 10वी में कोचिंग देने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिये संबंधित विषय में स्नातक स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं की विषयवार कोचिंग के लिये संबंधित विषय के लिए स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। कक्षा 9वीं एवं कक्षा 10वीं के लिए विषयवार नियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को उसी दिन कक्षावार अलग-अलग विषयवार कालखण्ड में पढ़ायेंगें। कक्षा 11वीं एवं कक्षा 12वी में भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र की कक्षाएं गणित समूह के साथ एवं जीव विज्ञान समूह के लिए कामन रहेगी। अग्रेजी विषय की कक्षाएं तीनों समूह (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित एवं जीव विज्ञान तथा कॉमर्स) के लिए कामन रहेगी। कक्षा 11 वी एवं 12वी के लिए विषयवार नियुक्त शिक्षक / शिक्षिका उसी दिन कक्षावार एवं विषयवार अलग-अलग कालखण्ड में पढायेंगें। उत्कृष्ट छात्रावासों में विषयवार कोचिंग हेतु नियुक्त शिक्षक / शिक्षिकाओं को 300 रूपये प्रति कालखण्ड एवं अधिकतम 6 हजार रूपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

## पॉलीटेक्निक में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**रायसेन।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में संचालित तीन वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम, विधार्थियो को 10वी के आधार पर प्रथम वर्ष एवं 12वीं (गणित, साईस) के आधार पर द्वितीय वर्ष में प्रवेश देकर सीधे इंजीनियर बनने का सुनहरा अवसर देता है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग एवं रजिस्ट्रेशन में प्रारंभ है जिसका प्रथम चरण के अलॉटमेंट से प्रवेश की अंतिम तिथि 16 जून तथा द्वितीय चरण के पंजीयन 17 जून तक किए जा सकते हैं। कक्षा 12वी गणित अथवा आईटीआई के आधार पर द्वितीय वर्ष मे प्रवेश का पंजीयन भी प्रारम्भ है. जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। प्राचार्य डॉ एसपी कोरी ने बताया कि इस वर्ष से तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रस्ताव के अनुसार डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण होने के उपरांत एनईपी के तहत 12वीं समकक्ष मान्य किया गया है। अतएव डिप्लोमा के साथ 12वीं की समकक्षता मिल जाएगी। डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के बाद बीटेक हेतु द्वितीय वर्ष में प्रदेश के प्रतिष्ठित कॉलेज मे सीधे प्रवेश का अवसर है

## नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने थाना बासौदा में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना बासौदा शहर में दर्ज अपराध क्रमांक 201/2025 के फरार आरोपी लल्ला उर्फ जोया उर्फ दिलशाद पुत्र जिन्दा उम्र 28 साल निवासी इमाम गेट मोहल्ला कैराना जिला शामली (उप्र) की सूचना देने वालो को पांच हजार रूपए एवं अपराध क्रमांक 95/2022 के फरार आरोपी बलदेव पुत्र हुकुम शर्मा निवासी ग्राम भरनाखुर्द थाना बरसाना तहसील गोवर्धन जिला मथुरा (उप्र) की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**विदिशा , दोपहर मेट्रो**

प्रत्येक वर्ष 15 जून को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस का आयोजन किया जाता है। सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से इस वर्ष उक्त कार्यक्रम पुरानी जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित श्री हरिवृद्धाश्रम में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर आयोजित कर क्रियान्वित की गई थी वहीं आईटीआई के विद्यार्थियों ने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनके अनुभवो को जाना है। गौरतलब हो कि प्रत्येक वर्ष वृद्धजनों के साथ होने वाले सामाजिक, आर्थिक, मानसिक और शारीरिक दुर्व्यवहार को रोकने के लिए युवाओं को जागरूक करने तथा वृद्धजनों की सम्पत्ति व सुरक्षा के लिए प्रचलित कानून माता पिता और वरिष्ठ नागरिको के कल्याण




अधिनियम की विभिन्न पहलुओं की जानकारियां दी गई।

विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने आयोजन का शुभांरभ करते हुए वृद्धजनों को अनुभव की खदान बताया और हम सब भी आगे चलकर वृद्ध होंगे अतः हमारे साथ कोई दुर्व्यवहार ना करें ऐसा ही हम वृद्धजनो के प्रति अपने विचार, कार्यो से परलिक्षित हो। कार्यक्रम को प्रजापति ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सपना दीदी ने भी सम्बोधित किया।

विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा ने इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया और वृद्धजनों से दुर्व्यवहार करने पर कानूनन प्रावधानो को रेखांकित किया है। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें रोगोपचार दवाईयां भी दी है। इस दौरान वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पंकज जैन तथा राधाकृष्ण आईटीआई के विद्यार्थियों ने वृद्धजनों का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में आगंतुको के प्रति वृद्धाश्रम की सुश्री केसर जहां ने आभार व्यक्त किया।

# धरती आबा अभियान के तहत भैरूंदा जनपद के 28 ग्रामों में लगे शिविर, 80 में 30 तक होंगे आयोजित

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में संचालित किए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में 15 जून से 30 जून तक दिनांकवार शिविर लगना प्रारंभ हो गए हैं। इन शिविरों के माध्यम से चिन्हित गांवों में जनजातीय परिवारों के सदस्यों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिवस में भैरूंदा जनपद के 28 ग्रामों में शिविर लगाकर 214 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से



लाभान्वित किया गया।

अभियान के तहत प्रथम दिवस में भैरूंदा जनपद के चिन्हित 28 गांवों में शिविर लगाकर 214 हितग्राहियों का विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए पंजीयन किया गया। शिविरों में हितग्राहियों का आयुष्मान भारत योजना, केसीसी योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृवंदना योजना, बाल आर्शीवाद योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं बोनस योजना, एकलव्य योजना, दिव्यांग पेंशन प्रोत्साहन योजना, कल्याणी पेंशन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर योजना, घरेलू कनेक्शन सब्सीडी योजना, पांच रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन योजना, पीएम आवास योजना सहित अनेक योजनाओं के लिए पंजीयन किया गया। पात्रतानुसार सभी पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही अभियान के तहत सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, ई-केवायसी, जाति प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रोफाइल पंजीयन एवं बैंक खाता खोलना सहित अनेक सेवाओं के लिए पंजीयन भी किया गया।

कलेक्टर बालागुरू के ने 30 जून तक चलाए जाने वाले धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

**मेट्रो एंकर** निराश्रित गौवंश को बाड़े तैयार कर सुरक्षा की कवायद

# पशुओं को वेक्सीन लगवाने का कार्य कागजों पर न हो : कलेक्टर

**राजगढ़ , दोपहर मेट्रो**

बरसात के मौसम में अधिकतर निराश्रित गौवंश हाईवे की सड़कों पर विश्राम करता है। इनके सड़कों पर बैठे रहने से वाहन दुर्घटनाएं होती हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश की सुरक्षा के लिए सड़कों के आसपास खाली पड़ी सरकार भूमि पर मनरेगा अथवा अन्य योजनाओं के सहयोग से बाड़े बनाने के निर्देश दिए हैं। बरसात के मौसम में



संबंधित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों द्वारा श्रमिकों के माध्यम से इनको बाड़ों में रखकर सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने चलित पशु चिकित्सा ईकाई की सेवाएं और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पशुओं के टीकाकरण कार्य की भी जानकारी ली। साथ ही विभाग के मैदानी अमले को ताकीद किया कि पशुओं के टीकाकरण कार्य कागजों पर न हो, कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ग्राम पंचायतों से रेण्डमली टीकाकरण कार्य का सत्यापन करने के लिए भी कहा। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की प्रगति, पशुओं में कृत्रिम गर्भधान, राष्ट्रीय पशुधन मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की। इस दौरान उप संचालक पशुचिकित्सा डॉ. महिपाल सिंह कुशवाह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## हुनर के साथ मिलेगा सम्मान जिले की बेटियाँ हमारा स्वाभिमान

**विदिशा।** विदिशा जिले की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों जिनमें विदिशा, सिरोंज, गंजबासौदा, लटेरी, ग्यारसपुर, नटेरन, एवं कुरवाई में इस वर्ष कुल 1204... सीटों पर विभिन्न ट्रेड्स में प्रवेश होगा। जिसमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मैकेनिक मोटर, कारपेंटर कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, स्टेनो हिंदी, स्विंग टेक्नोलॉजी, सोलर टेक्नीशियन, ट्रेक्टर मैकेनिक जैसे रोजगार मूलक ट्रेड्स में प्रवेश हेतु पंजीयन की प्रक्रिया गतिशील है जो कि पहले चरण में 16 जून 2025 तक चलेगी। पहली बार विदिशा जिले में 421 सीटों पर बेटियों तथा महिलाओं का सीधा प्रवेश होगा उन्हें यह सीटें 35 प्रतिशत महिला आरक्षण के जरिए प्राप्त होगी। इसके लिए संपूर्ण जिले में ष्हुनर अभियानष् के अंतर्गत बेटियों का आईटीआई में प्रवेश के लिए विशेष पंजीयन मुहिम संचालित हैं। विदिशा जिले की आठवीं तथा दसवीं उत्तीर्ण बेटियां एवं महिलाओं से आह्वान किया गया है कि वह इस अवसर का लाभ उठाएं और जल्दी से जल्दी अपना पंजीयन करवा कर अपनी सीट सुरक्षित कर लें। रोजगार आपका इंतजार कर रहा है। आपको हुनर प्रदान करने के लिए हमारे संस्थान तत्पर हैं, पंजीयन हेतु हमारे सभी आईटीआई में हेल्प डेस्क संचालित है, जो की अवकाश के दिनों में भी आपकी सेवा में उपलब्ध रहेंगे।

### सचिन ने उठाई पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांग

# एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे, फैंस हुए गदगद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी की विरासत को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिए उन्होंने पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांग की है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज-** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार





अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मांग की है पटौदी की विरासत को खत्म नहीं करना चाहिए।

**सचिन ने उठाई पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांग-** क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सचिन तेंदुलकर के अनुरोध के बाद इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का मन बदल गया है। सचिन का मानना है कि पटौदी की विरासत को इस तरह खत्म नहीं किया जा सकता। इसे बरकरार रखने के लिए उन्होंने बीसीसीआई और ईसीबी के अधिकारियों से बात की है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि, ईसीबी अधिकारी ने इस निर्णय की पुष्टि की है कि पटौदी की विरासत बरकरार रहेगी। अधिकारी ने कहा- %हां, इंग्लैंड-भारत सीरीज में पटौदी लिंक को बनाए रखने की एक पुष्ट योजना है।% माना जा रहा है कि दिवंगत एमएके पटौदी के नाम पर एक पदक का नाम रखा जा सकता है, जो सीरीज जीतने वाली टीम के कप्तान को दिया जाएगा।

### तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लॉन्च में देरी

रिपोर्ट के अनुसार, तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का लॉन्च 14 जून यानी शनिवार को होना था। हालांकि, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आपसी सहमति के साथ इस कार्यक्रम को रद्द करने का फैसला लिया। ट्रॉफी का अनावरण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के फाइनल के बाद होना था।

वहीं, सचिन तेंदुलकर के इस फैसले से प्रशंसक भी काफी खुश हैं। सोशल मीडिया पर वह इसकी जमकर सराहना कर रहे हैं।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज: लीड्स के मैदान में होगा पहले टेस्ट का आगाज

# टीम इंडिया के 9 खिलाड़ी पक्के राहुल-यशस्वी करेंगे ओपनिंग

**लीड्स, एजेंसी**

**शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है, जहां उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून (शुक्रवार) से लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए भारतीय खिलाड़ी जमकर अभ्यास कर रहे हैं और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की कोशिश हो रही है।**

लीड्स टेस्ट के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 पर भी फैन्स की निगाहें रहने वाली हैं। सीरीज के इस पहले टेस्ट में अनुभवी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के ओपनिंग करने की संभावना है। राहुल-यशस्वी के ओपनिंग करने से लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी बन पाएगा। वहीं नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल चौथे क्रम पर बैटिंग करते दिखाई दें, तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। शुभमन ने हालिया समय में टेस्ट क्रिकेट में नंबर-3 पर बैटिंग की है, लेकिन विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद वो चौथी पोजीशन पर खुद को शिफ्ट कर सकते हैं। शुभमन गिल के चौथे नंबर पर बैटिंग करने से नंबर-3 स्पॉट खाली हो जाएगा, जिसके लिए साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर दावेदार हैं। हालांकि इन तीनों में सबसे ज्यादा मजबूत दावा करुण नायर का माना जा रहा है। करुण की 8 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। हेड कोच गौतम गंभीर ने भी करुण नायर के लीड्स टेस्ट में खेलने के संकेत दिए थे।



### 5 पर पंत तो 6 नंबर पर खेलते दिख सकते हैं सर जडेजा

वहीं नंबर-5 पर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और नंबर-6 पर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा खेलते दिख सकते हैं। जबकि ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को शार्दुल ठाकुर पर तवज्जो मिल सकती है और वो सातवें नंबर पर बैटिंग के लिए आ सकते हैं। नीतीश ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अपनी डेब्यू टेस्ट सीरीज में भी सातवें क्रम पर बैटिंग की थी और शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि शार्दुल ठाकुर ने इंट्रा स्क्वॉड मुकाबले में शतकीय पारी जरूर खेली है, लेकिन उन्हें शायद लीड्स टेस्ट से बाहर रहना पड़ सकता है। तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का खेलना तय लग रहा है। वहीं विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर चाइनामैन कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। वैसे कुलदीप को भारतीय उपमहाद्वीप से बाहर टेस्ट खेलने का अनुभव बहुत कम है, जो उनके ल?िए माइनस पॉइंट हो सकता है। लेकिन कुलदीप के साथ एक खास बात है कि वो किसी भी पिच पर गेंद को स्पिन कराने की काबिलियत रखते हैं।

#### लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम की संभावित प्लेइंग 11

केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन/अभिमन्यु ईश्वरन/करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा/अर्शदीप सिंह।

#### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

### डिविलियर्स का खुलासा



## विराट ने महीनों तक बात नहीं की थी, अनुष्का की प्रेनेंसी का किया था खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण अप्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने इस बात का खुलासा किया है कि विराट कोहली ने महीनों तक उनसे बात नहीं की थी। भारतीय बल्लेबाज डिविलियर्स के अनुष्का शर्मा की प्रेगनेंसी का खुलासा करने को लेकर नाराज थे। दरअसल, पिछले साल पूर्व भारतीय कप्तान की पत्नी अनुष्का शर्मा ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया था। हालांकि, बच्चे के जन्म से पहले ही विराट के खास दोस्त डिविलियर्स ने इस बात का एलान कर दिया था कि कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं।

क्रिकेट डॉट कॉम से बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा- वह पिछले छह महीनों से मेरे संपर्क में है। भगवान का शुक्र है! क्योंकि कुछ समय पहले जब वे अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे थे, तब मैं उनके पास थोड़ा बहुत आता था। इसलिए जब उन्होंने मुझसे फिर से बात करना शुरू किया, तो मुझे बहुत राहत मिली। दअरसल, विराट कोहली पिछले साल निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में नहीं खेले थे। उनके इस निर्णय की काफी आलोचना हुई थी। हालांकि, डिविलियर्स ने उनका बचाव करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उनका यह बयान आग की तरह फैल गया था। इस दौरान डिविलियर्स ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा- आपको अपने दिल की सुननी चाहिए। उन्होंने अपनी गट फीलिंग को फॉलो किया। मुझे लगता है कि उन्होंने क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया।

### टेस्ट सीरीज से पहले कुलदीप का बड़ा दावा

# इंलैंड की विकेट स्पिनरों के लिए रहेगी मददगार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि इंग्लैंड का विकेट यानी पिच स्पिनरों के लिए मददगार है। उन्होंने इंट्रा स्क्वॉड अभ्यास मैच के दौरान कहा, विकेट (पिच) स्पिनरों के लिए अच्छा है। यह बल्लेबाजी के लिए भी अच्छा है। पहले दिन नमी थी, तेज गेंदबाजों को मदद मिली लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, स्पिनरों ने मैच में अपना दबदबा बनाया। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा।

अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव को खुद से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वह रवींद्र जडेजा के साथ काफी समय बिता रहे हैं और अभ्यास कर रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।

भारतीय टीम ने इंग्लैंड में 2007 के बाद कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा करने के लिए टीम को कुलदीप के योगदान की जरूरत होगी। वह लीड्स में खेले जाने वाले शुरुआती मैच में शायद प्लेइंग 11 का हिस्सा ना हो लेकिन बर्मिंघम, लॉर्ड्स और ओवल के मैदानों पर कारगर साबित हो सकते हैं। कुलदीप ने कहा कि उन्हें पांच मैचों की सीरीज के दौरान पिच से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, इस पिच पर स्पिनरों के लिए उछाल है। आज तीसरा दिन है, मुझे



#### शुभमन के बर्ताव से प्रभावित हैं कुलदीप

इस दौरान कुलदीप ने टेस्ट टीम के नए कप्तान शुभमन गिल को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा- %शुभमन को पता है कि नेतृत्व कैसे करना है। उन्होंने कई कप्तानों खासकर रोहित भाई के साथ काम किया है और उनसे सीखा है। मैंने अब तक जो देखा है वह बहुत प्रेरित करने वाल है। वह टीम की भावना को ऊपर उठाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वह इस काम के लिए तैयार हैं।%

#### भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा (शेड्यूल)

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा।

### मनोरंजन

### बॉलीवुड का कोना




## अक्षय-परेश की फिल्म रोकने के लिए मिली 8 करोड़ की रिश्वत? डायरेक्टर ने बताई सच्चाई

उमेश शुक्ला के डायरेक्शन में बनी फिल्म ओएमजी और राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी फिल्म पीके को हिंदी सिनेमा की सफल फिल्मों में गिना जाता है। हालांकि पीके को लेकर उस समय काफी विवाद भी हुआ था। उस वक्त इस फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप तो लगे ही साथ ही इस फिल्म की तुलना अक्षय कुमार की फिल्म ह्व्स्त्र से की जाने लगी। इसके अलावा ये अफवाह भी चलीं कि OMG के डायरेक्टर को आमिर और विधु विनोद ने 8 करोड़ रुपये की रिश्वत देकर उनकी फिल्म की रिलीज को रोकने के लिए कहा था। अब हाल ही में उमेश ने इसपर चुप्पी तोड़ी है। फ्राइडे टॉकीज से बात करते हुए डायरेक्टर उमेश शुक्ला ने पीके और ओएमजी के एक जैसे कॉन्सेप्ट को लेकर खुलकर बात की है। उमेश ने कहा- मुझे लगता है कि उनके (विधु-राजकुमार) मन में भी ऐसा ही आइडिया रहा होगा। अगर पीके मेरी फिल्म से पहले रिलीज होती तो लोग मेरी फिल्म पीके की कॉपी है। बता दें कि उमेश ने ही फिल्म ओएमजी की कहानी लिखी थी। इस कहानी के नाटक हुए करते थे। जिन्हें पीके की टीम ने भी देखा था। उमेश ने इस पर कहा राजकुमार, विधु और राइटर अभिजात जोशी ने मेरा प्ले देखा था। जब कोई एक जैसे सब्जेक्ट पर काम करता है तो उसमें समानता दिखाई देना स्वाभाविक है। अगर आप एक लव स्टोरी पर फिल्म बना रहे हैं और उसमे कोई न कोई तो आई लव यू कहेगा ही।

### उर्फी जावेद को लेकर अपूर्वा ने किया ऐसा खुलासा कि सुन दंग रह जाएंगे आप, कहा-

# उन्होंने मुझे कहे आपत्तिजनक शब्द

**इस वक्त करण जौहर का रियलटी शो द ट्रेटर्स चर्चा में बना हुआ है। शो के दौरान ही दो कंटेस्टेंट इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा और उर्फी जावेद के बीच तीखी बहस हो गई थी। इससे दोनों के बीच तनाव इतना बढ़ गया कि ऑफ कैमरा पर भी इनकी बहस हुई, जिसका जिक्र अपूर्वा ने अपने व्लॉग में किया है। साथ ही उन्होंने उर्फी पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या है।**

रविवार को इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो के माध्यम से बताया कि उर्फी ने शो के बाद भी अन्य कंटेस्टेंट के सामने उनका अपमान किया था, जिससे वह रोने लगी थी। उन्होंने



बताया कि 'द ट्रेटर्स' में शामिल होने से पहले, उर्फी की अपनी मां से लड़ाई हुई थी और उन्हें शो के दौरान घर पर तीन फोन कॉल करने की इजाजत थी। हालांकि, जब उन्होंने घर पर कॉल करने का अनुरोध किया, तो शो के मेकर्स ने इससे इनकार कर दिया, जिससे वह इमोशनल हो गईं। इसके बाद जन्नत जुबैर ने उर्फी को सांत्वना दी, वहीं अपूर्वा ने इस पूरी बात को प्राइवेट रखने को कहा। इसपर ऊर्फी ने उनसे सवाल किया, तो अपूर्वा ने कहा, 'सब कुछ तुम्हारे बारे में नहीं है, ऊर्फी।'

#### आपत्तिजनक शब्दों का किया इस्तेमाल

वीडियो में आगे अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि शो के बाद उर्फी ने उन्हें आपत्तिजनक शब्दों के जरिए अपने पास बुलाया। इसके बावजूद इंफ्लुएंसर ने आराम से जवाब दिया। हालांकि, इसके बाद उर्फी जावेद ने कहा, 'तुम्हें पता है तुम किससे बात कर रही हो? मैं तुम्हारे लेवल से बहुत ऊपर हूं, तुम्हारी औकात नहीं है मुझसे बात करने की।' 'द ट्रेटर्स' एक थ्रिलर बेस्ड रियलिटी शो है जिसे करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। इस शो में 20 कंटेस्टेंट्स को दो ग्रुप्स में बांटा गया है- 'ट्रेटर्स' और 'फेथफुल'। शो एक तरह की मर्डर मिस्ट्री है जिसमें भरोसे और धोखे का खेल चलता है। 12 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुए इस शो में उर्फी



### मेट्रो बाजार

## इजरायल-ईरान युद्ध की आशंका से कच्चे तेल की कीमतें .150 तक पहुंचने की संभावना

नई दिल्ली। अगर इजरायल और ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर पहुंचता है, तो ब्रेंट क्रूड की कीमतें मौजूदा स्तर से दोगुनी होकर .150 प्रति बैरल तक जा सकती हैं। यह चेतावनी रैबोबैंक इंटरनेशनल सहित कई वैश्विक ऊर्जा विशेषज्ञों ने दी है। पिछले सप्ताह इजरायल के ईरान पर हवाई हमलों के बाद कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज उछाल आया। ब्रेंट क्रूड .78.5 प्रति बैरल तक पहुंच गया था, हालांकि बाद में यह गिरकर लगभग .75 रह गया। इसी



तरह, यूरोप की प्रमुख टीटीएफ नेचुरल गैस कीमतें भी 5त्न बढ़कर 38.24 प्रति मेगावाट-घंटा हो गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर सऊदी अरब, यूएई या कतर जैसे प्रमुख तेल उत्पादक देशों की आपूर्ति बाधित होती है या स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद हो जाता है, तो कीमतें .120 से ऊपर स्थायी रूप से बनी रह सकती हैं। रैबोबैंक के ग्लोबल स्ट्रैटेजिस्ट माइकल एवरी ने कहा, अगर खाड़ी देशों के तेल और गैस इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया गया, तो क्रूड की कीमतें डर और घबराहट में .150 प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। हालांकि, यदि संघर्ष जल्द थमता है, तो ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौटने की संभावना भी बनी हुई है।

## मेक इन इंडिया का कमाल: विदेशों में धूम मचा रहे चीन के फोन, भारत में बंपर कमाई


**नई दिल्ली(** भारत में बने स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद अब घरेलू बाजार तक सीमित नहीं रह गए हैं। 'मेक इन इंडिया' नीति और उत्पादन क्षमताओं में निरंतर बढ़ोतरी के चलते ये उत्पाद अब पश्चिम एशिया, अफ्रीका और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। खास बात यह है कि यह निर्यात चीन की बड़ी कंपनियों द्वारा भारत में निर्मित उत्पादों के जरिए हो रहा है, जो पहले केवल चीन और वियतनाम से इन देशों में भेजे जाते थे।



**हेनसी और लेनोवा की आगे की रणनीति-** चीन की घरेलू इलेक्ट्रॉनिक कंपनी हेनसी ग्रुप भारत में 100 करोड़ का नया प्लांट श्री सिटी में स्थापित कर रही है, जिससे वह पश्चिम एशिया और अफ्रीका में टेलीविजन और उपकरणों का निर्यात शुरू करेगी। इसी तरह लेनोवा ग्रुप भारत से सर्वर और लैपटॉप निर्यात करने की योजना पर काम कर रही है। उसकी स्मार्टफोन इकाई मोटोरोला पहले से ही अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात कर रही है।

डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसी भारतीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां अब डिक्सन होल्डिंग जैसे ब्रांड्स के लिए स्मार्टफोन बना रही हैं। डिक्सनने भारत से अफ्रीका को निर्यात शुरू कर दिया है। डिक्सन अब निर्यात की मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता 50त्न तक बढ़ा रही है।

## कार ने बाइक को सवार पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत बेटा गंभीर



**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित मुख्य चौराहा के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर पिता-पुत्र सवार थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद पिता की मौत हो गई। बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार लावारिस हालत में घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी मिली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से सेहतगंज जिला रायसेन निवासी कन्हैयालाल बंसल (41) प्राइवेट काम करते थे। रविवार दोपहर करीब दो बजे वह गैरतगंज से भोपाल की ओर आ रहे थे। बेटा सौरभ बंसल (25) भी उनके साथ था और वहीं बाइक चला रहा था। बिलखिरिया चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से भाग निकला था। बिलखिरिया चौराहा की घटना, कार छोड़कर भागा चालक आसपास मौजूद लोगों की मदद से गंभीर घायल पिता-पुत्र को आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद कन्हैयालाल बंसल की मौत हो गई। सौरभ का इलाज चल रहा है। एएसआई मीणा ने बताया कि बताया कि कुछ दूरी पर कार लावारिस हालत में खड़ी मिली है। पुलिस ने वाहन जब्त कर नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुलासा



**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में 63 साल के बुजुर्ग द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का खुलासा उस समय हुआ जब नाबालिग की तबियत बिगड़ी और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पाक्सो सहित दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाबूलाल कुशवाहा (63) फुल्की बनाने और बेचने का काम करता है। नाबालिग पीड़िता भी उसके साथ काम करती थी। इस दौरान बुजुर्ग ने नाबालिग को बहला फुसला कर उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने बीते दो से छह महीने में पीड़िता के साथ कई बार संबंध बनाए। तबियत बिगड़ने पर परिजन नाबालिग को लेकर अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बताया कि वह गर्भवती है।परिजनों ने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने आरोपी बुजुर्ग की करतूत बताई। इस पर परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### छोला मंदिर थाना क्षेत्र का मामला

# सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी जेवर चोरी, पोर्च में खड़ी एक्टिवा से भागे चोर

**तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने ग्वालियर गया था परिवार**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सागर सिटी कॉलोनी मालीखेड़ी में सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश कुछ नगदी, जेवरात चुराकर ले गए। चोरों के हाथ घर में रखी एक्टिवा की चाबी भी लग गई थी। बदमाश जाते समय पोर्च में खड़ी एक्टिवा भी लेकर गए हैं। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोशनी विश्वकर्मा पति प्रीतम चंद्रा विश्वकर्मा (29) सागर सिटी कॉलोनी, मालीखेड़ी, छोला मंदिर में रहती हैं। वह गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि परिवार तेरहवीं कार्यक्रम था। गत 9 जून को वह पति और परिवार के साथ ग्वालियर चली गई। ग्वालियर से शुक्रवार सुबह लौटी तो मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाशों ने अलमारी का लॉकर तोड़ लिया है। बदमाश घर से कुछ नगदी और पुराने जेवर चुराकर ले गए हैं। घर की तलाशी में आरोपियों के हाथ एक्टिवा की चाबी लग गई थी। चाबी मिलने के कारण वह पोर्च में खड़ी एक्टिवा भी चुराकर ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

### केसरी नंदन मंदिर से 25 हजार की नगदी चोरी

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित तरुण पुष्कर के पास केसरी नंदन मंदिर से अज्ञात बदमाश 25 हजार रुपए की नगदी चुराकर ले गया। हैरानी की बात तो यह है कि मंदिर की जिस अलमारी से चोरी हुई है। उसमें चांदी का छत्र, मुकुट और चांदी को लोटा सहित दानपेटी सुरक्षित मिली। पुलिस के अनुसार कृष्णकांत द्विवेदी (45) मूलतः रीवा के रहने वाले हैं और ऋषि नगर झुग्गी में रहते हैं। वे तरुण पुस्कर के पास केसरी नंदन मंदिर के पुजारी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार रात करीब दस बजे वह मंदिर के गेट पर ताला लगाकर घर चले गए। शनिवार सुबह मंदिर पहुंचे और ताला खोला। इस दौरान मंदिर के अंदर बने स्टोर रूम के गेट पर चांदी का लोटा फंसा हुआ मिला। वह अंदर गए तो अलमारी में रखा छत्र और चांदी का मुकुट नहीं था। इसके अलावा 25 हजार रुपए की नगदी नहीं थी। सूचना मिलते ही मंदिर पहुंची पुलिस ने अलमारी की तलाशी ली और मंदिर में रखा चांदी का छत्र सहित मुकुट और लोटा मिल गया, लेकिन नगदी नहीं मिली। मंदिर का ताला टूटा नहीं है। पुजारी ने पीछे स्टोर रूम की छत पर लगी टीन से बदमाश के घुसने की आशंका जताई। पुलिस ने टीन देखी तो वह भी सलामत थी और वेल्डिंग नहीं उखड़ी थी।

### रेल पटरी के किनारे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कला गांव में रविवार दोपहर रेलवे पटरी के पास बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि चौपड़ा कला सूखीसेवनिया निवासी सूरज लोधी ने रविवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना दी कि चौपड़ा कला गांव में रेलवे पटरी किनारे किसी बुजुर्ग का शव बबूल के पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक की पहचान उमेश जाटव (58) निवासी करोंद के रूप में की गई। परिजन ने बताया कि मृतक सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।

# ऑक्सीजन लेवल कम होने से गर्भवती की मौत, अस्पताल में परिजन का हंगामा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित किसनानी अस्पताल में रविवार शाम प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसने एक दिन पहले 13 जून शुक्रवार को बच्ची को जन्म दिया था। शनिवार को उसकी तबीयत बिगड़ी और ऑक्सीजन लेवल कम होने लगा।

डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा था। रविवार शाम तक ऑक्सीजन लेवल नहीं बड़ा और उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाहीपूर्वक इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

पुलिस ने समझाइश दी इसके बाद ही परिजन का गुस्सा शांत हो सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार नेहा खरे पति शैलेंद्र खरे (30) बापू कॉलोनी जहांगीराबाद में रहती थी। शुक्रवार को उसे लेवर पेन हुआ और परिजन उसे किसनानी अस्पताल बैरागढ़ लेकर पहुंचे, वहां नेहा ने एक बच्ची को जन्म दिया। नेहा की यह दूसरी डिलेवरी थी। शनिवार को नेहा की तबीयत बिगड़ने लगी और उसका ऑक्सीजन लेवल कम हो गया। डॉक्टर ने चेक किया और नेहा को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रख दिया। रविवार तक उसका ऑक्सीजन लेवल नहीं बढ़ा। शाम करीब चार बजे नेहा की मौत हो गई। नेहा की मौत के बाद परिजन को गुस्सा फूट गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होता देख पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन को समझाइश देने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।



### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिरथाना क्षेत्र स्थित मेन रोड गणेश ढाबा के सामने रविवार रात तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक को गंभीर चोट आईथी। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रवि अहिरवार पिता बाबूलाल अहिरवार (25) नवीन छावनी, आदमपुर बिलखिरिया में रहताथा और प्राइवेट काम करताथा। रविवार रात वह निजी काम से छोला मंदिर आया था। इस दौरान गणेश मंदिर के पास डिवाइडर में उसकी बाइक टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय रवि की बाइक की रफ्तार अत्यधिक थी। डिवाइडर से टकराने पर उसे सिर में गंभीर चोट आईथी।

# दो नकबजन गिरफ्तार, चोरी के बाद मुथुट फाइनेंस में गिरवी रख दिया था गोल्ड



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गौतम नगर पुलिस ने दो नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो मोबाइल, 7 नग कान के टॉप्स सहित अस्सी हजार रुपए का माल बरामद किया है। आरोपियों ने चोरी में हाथ लगा सोना मुथुट फायनेंस में गिरवी रख दिया था। पुलिस के अनुसार आकिब खान (33) बृज विहार कालोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 2 जून को अपने घर में फर्स्ट फ्लोर की अलमारी में 4 हजार रुपए की नगदी इस्तेमाली 7 नग कान के टाप्स रखे थे। अलमारी में ताला लगा दिया था और चाबी मेरे पास थी।

अलमारी पर वीवो कंपनी के ऊपर दो मोबाइल भी रखे थे। 10 जून को फर्स्ट फ्लोर पर रखी अलमारी चेक की तो उसमें रखी 4 हजार की नगदी और कान के टॉप्स सहित मोबाइल नहीं थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही सैफ खान (23) जेपी नगर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपने दोस्त अरशद उर्फ शनी के साथ मिलकर आकिब खान के घर चोरी करने की बात स्वीकार ली। आरोपियों से 4 हजार रुपए 07 नग कान के टाप्स व दो मोबाइल बरामद कर लिए है। पुलिस ने उक्त मामले में सुरेंद्र अहिरवार को भी आरोपी बनाया है। दरअसल, आरोपी सुरेंद्र द्वारा चोरी के माल को मुथूट फिन फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखा गया था।

**मेट्रो एंकर** गुनगा के ग्राम भैंसखेड़ा की घटना, पांच फरार संदेहियों की तलाश

# शराब पीने के बाद विवाद, युवक के सिर पर पत्थर से हमला कर उतारा मौत के घाट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भैंसखेड़ा में सप्पन महाराज के चबूतरे के पास रविवार सुबह पत्थर से सिर फोडकर युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव धार्मिक स्थल के चबूतरे के पास मेन रोड पर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थाना प्रभारी का कहना है कि लोगों ने युवक को चार-पांच लोगों के साथ शराब पीते देखा।

वे लोग गायब हैं। प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है कि शराब पीने के दौरान विवाद होने पर युवक की पत्थर से सिर फोडकर हत्या की गई है। घटनास्थल के पास एक पत्थर भी पड़ा मिला है।



थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा के मुताबिक ग्राम भैंसखेड़ा, गुनगा निवासी अर्जुन सिंह ठाकुर पुत्र ज्ञान सिंह (30) मेहनत-मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी भी था। परिवार में पत्नी और पांच साल का एक बेटा है। अर्जुन सिंह यहां माता-पिता के साथ रहता था।

रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव के लोगों ने अर्जुन सिंह का शव गांव के पास मेन रोड पर सप्पन महाराज के चबूतरे के पास पड़ा देखा। परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और फोरेंसिक टीम की मदद से मौका-मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दिया।

थाना प्रभारी वर्मा का कहना है कि सिर के साइड वाले हिस्से में वार कर हत्या की गई है। अर्जुन सिंह अक्सर गांव के कुछ लोगों के साथ वहां बैठकर शराब पीता था। घटना के बाद से पांच संदेही गांव से गायब हैं। उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। संदेहियों के मिलने बाद पूछताछ में सच्चाई सामने आ सकेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/व.ले.लि./2025-26 भोपाल, दिनांक 09.06.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _430678_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-1 (74 बंगलों) के बी टाइप बंगलो एवं अन्य बंगलो के शासकीय आवास गृहों में ए.आर./ एस.आर. / अनुरक्षण / लघुमूल गौड़ कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 85.00 | 85000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB _430680_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-1 (74 बंगलो) के सी एवं डी टाइप बंगलो एवं अन्य बंगलो के शासकीय आवास गृहों में ए.आर. / एस.आर. / अनुरक्षण / लघुमूल गौड़ कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 78.00 | 78000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB _430682_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-5 एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में ए.आर. / एस.आर / अनुरक्षण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 48.00 | 50000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB _430683_1 | उपसंभाग क्रं-1. लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-7ए एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर./ अनुरक्षण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 55.00 | 55000.00 |
| 5 | 2025_PWDRB _430684_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-1 (74 बंगलो) के बी टाइप बंगलो एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| 6 | 2025_PWDRB _430685_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-1 (74 बंगलो) के सी एवं डी टाइप बंगलो एवं एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| 7 | 2025_PWDRB _430686_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 1, 2, 3, 4 एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में सीवेज लाईन बदलने कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| 8 | 2025_PWDRB _430687_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-5, 6, 7ए एवं अन्य सेक्शन के शासकीय आवास गृहों में सीवेज लाईन बदलने कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| 9 | 2025_PWDRB _430688_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगलो एवं आवास गृहों में दीमक अवरोधक कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 10 | 2025_PWDRB _430689_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगलो एवं आवास गृहों में एल्युमिनियम मरम्मत एवं वाटर सप्लाई लाईन मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 45.00 | 50000.00 |
| | | योगः- | | 521.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 27.06.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
नया भोमाक्ष संभाग ला.नि.वि.
भोपाल (म.प्र.)

G-14352/25


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022